हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 7 मार्च 2025


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


12 नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह ...



11 मिर्रीटोला पुरूर के खेतों में पहुंचे कलेक्टर, किसानों से ...






## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत गुरुर में परिषद का प्रथम सम्मिलन आज

**गुरूर।** नगर पंचायत गुरुर में 7 मार्च को परिषद का प्रथम सम्मिलन होगा। सम्मिलन दोपहर 2 बजे आरंभ होगा। नगर पंचायत के सभा कक्ष में सम्मिलन होगा। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने अनुविभागीय अधिकारी गुरुर प्राची ठाकुर को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। प्रथम सम्मिलन में ही नगर पंचायत में उपाध्यक्ष का चुनाव होगा।

### नगर पालिका दल्लीराजहरा अध्यक्ष व पार्षदों का शपथ ग्रहण कल

**दल्लीराजहरा।** नगर पालिका दल्लीराजहरा का शपथ ग्रहण समारोह 8 मार्च को छत्तीसगढ़ शासन के डिप्टी सीएम अरुण साव के मुख्य अतिथि में होगा। नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के नव-निर्वाचित अध्यक्ष तोरणलाल साहू और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह 8 मार्च को दोपहर 11 बजे बीएसपी स्कूल क्रमांक 6 में आयोजित किया जाएगा।

### नगर पंचायत डोंडी में उपाध्यक्ष चुनाव आज

**डोंडी।** नगर पंचायत डोंडी में शुक्रवार को उपाध्यक्ष के लिए चुनाव होगा। इसके लिए कार्यवाही 11 बजे से संस्कृतिक भवन में प्रारंभ होगी। विहित प्राधिकारी एसडीएम आरके सोनकर उपाध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ कराएंगे। ज्ञात हो कि नगर पंचायत डोंडी में भाजपा के अध्यक्ष तथा 8 पार्षद सहित कुल 9 सदस्य हैं। इसी तरह निर्दलीय 6 पार्षद हैं व कांग्रेस का एक पार्षद है। इसलिए भाजपा का ही उपाध्यक्ष बनने की प्रबल संभावना है।

### नगर पालिका बालोद में शपथ ग्रहण कल, कांग्रेस ने किया बहिष्कार

**बालोद।** नगर पालिका बालोद में 8 मार्च को होने वाले अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी व पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह का कांग्रेस ने बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। कांग्रेस पार्षद क्षेत्रीय विधायक को सम्मान नहीं देने, समारोह में उन्हें आमंत्रित नहीं किए जाने से नाराज हैं। ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने कहा कि विधायक को नगर पालिका के शपथ ग्रहण समारोह में नहीं बुलाकर आयोजकों ने प्रोटोकाल का उल्लंघन किया है। यह क्षेत्र की जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों का अपमान है। कांग्रेस ने कहा कि कार्यक्रम में बालोद विधायक संगीता सिन्हा एवं कांग्रेस पार्टी के पूर्व जनप्रतिनिधियों को बतौर अतिथि आमंत्रित नहीं किये जाने से यह शासकीय कार्यक्रम की जगह एक पार्टी विशेष का कार्यक्रम बन कर रह गया है। जबकि यह शासकीय कार्यक्रम है। आयोजकों के इस कृत्य से नाराज होकर कांग्रेस ने शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार करने का निर्णय करते हुए प्रशासन को अवगत करा दिया है।

सियासत : जनपद पंचायत गुरूर में भाजपा से बगावत कर सुनीता ने भरा नामांकन, बनीं अध्यक्ष

# 21 में से 18 सीटों पर जीत, फिर भी भाजपा गुरूर जनपद अध्यक्ष का चुनाव हार गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जनपद पंचायत गुरूर में 21 में से 18 सीट जीतकर आई भारतीय जनता पार्टी को अपने अधिकृत उम्मीदवार को अध्यक्ष नहीं बना सकी। ऐसा भी नहीं कि केवल 3 सीट पाने वाली कांग्रेस क्रॉस वोटिंग कराने में सफल रही, बल्कि भाजपा के निर्णय के विपरीत जाकर उन्हीं की पार्टी के एक सदस्य ने कांग्रेस के समर्थन से अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया। वहीं, भाजपा को केवल उपाध्यक्ष पद से ही संतोष करना पड़ा। हालांकि, अध्यक्ष पद पर अपनी जीत के बाद बागी उम्मीदवार ने कहा कि वे भाजपा की ही कार्यकर्ता थीं और अभी भी भाजपा की ही कार्यकर्ता हैं।

21 सदस्यों वाली गुरूर जनपद पंचायत में भाजपा के 18 सदस्य जीतकर आए हैं, जबकि कांग्रेस के 3 सदस्य हैं। भाजपा नेतृत्व ने क्षेत्र क्रमांक 21 की जनपद सदस्य सुभद्रा साहू को अध्यक्ष के लिए एवं दुर्गानंद साहू को उपाध्यक्ष पद के लिए अधिकृत किया था। ऐसा समझा जा रहा था कि भाजपा अपना अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्विरोध बना लेगा, लेकिन भाजपा की ही सुनिता साहू ने पार्टी निर्णय से बगावत करते हुए कांग्रेस के सदस्यों के समर्थन से नामांकन भर दिया। वहीं, उपाध्यक्ष पद के लिए एक ही नामांकन भाजपा के दुर्गानंद साहू का आया। अध्यक्ष का ▶▶| शेष पेज 11 पर

### कांग्रेस के 3 सहित भाजपा के ही 7 सदस्यों के समर्थन से जीता चुनाव

### भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी सुभद्रा को एक वोट से हराया

#### जीत कर भी उत्सव नहीं मना सकी सुनीता

जनपद अध्यक्ष बनने के बाद उनके समर्थक एवं कार्यकर्ता विजय जुलूस की तैयारी कर रहे थे। डीजे धुमाल बुलाने की बात चल ही रही थी, लेकिन भाजपा नेता सुनीता को बधाई देकर चले गए। ऐसा लगा जैसे वे भाजपा नेतृत्व का सामना करने से बच रहे हैं। हुआ यूं कि चुनाव परिणाम के बाद जब जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष भाजपा नेतृत्व के पास पहुंचे, भाजपा नेतृत्व ने बागी सुनीता से किनारा करते हुए कड़ा रूख अपना लिया। वहीं, जिला अध्यक्ष ने कुछ लोगों को फटकार भी लगाई, जिससे उत्सव की खुशी चेहरे से काफूर हो गई, और जो भाजपा नेता व कार्यकर्ता सुनीता की जीत पर खुशी व्यक्त कर जुलूस निकालने की तैयारी कर रहे थे, उनके चेहरे पर पार्टी की अनुशासनात्मक कार्रवाई का डर दिखने लगा था।





#### उपाध्यक्ष के साथ रैली निकालकर पार्टी कार्यालय पहुंचे भाजपाई

इस बीच, बागी की जीत के दौरान विधानसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ कार्य करने वाले कई चेहरे नजर आए। ऐसे नेताओं की बार-बार पार्टी विरोधी गतिविधियों को देख आम कार्यकर्ताओं में आक्रोश नजर आया। भविष्य में ऐसे नेताओं को कार्यकर्ता का सामना करना भारी पड़ सकता है। उधर, परिणाम के बाद भाजपा नेतृत्व नवनिर्वाचित जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू के साथ रैली निकालकर भाजपा कार्यालय पहुंचे। भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दुर्गानंद का जमकर स्वागत किया। पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने पार्टी विरोधी कार्य करने वालों को पार्टी से निलंबित करने की मांग की।

#### मैं भाजपा में थी और अभी भी भाजपा की ही कार्यकर्ता हूं : सुनीता

उधर, नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनीता साहू ने कहा कि मैं भाजपा में थी और अभी भी भाजपा की ही कार्यकर्ता हूं। जनपद सदस्यों की भावना थी कि मैं नामांकन भरूं, लेकिन पार्टी ने ऐसे सदस्य को अधिकृत कर दिया था, जिनके पक्ष में पार्टी के बहुसंख्यक सदस्य नहीं थे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह गैरदलीय चुनाव है। इसमें पार्टी विरोधी कोई बात नहीं है। जनपद सदस्यों की भावनाओं का सम्मान करते हुए मैंने नामांकन भरा और सदस्यों का आशीर्वाद भी मिला।

#### पार्टी को अस्थिर करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई : चेमन

जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि कांग्रेस के पास खड़ा करने लायक लोग भी नहीं थे। उपाध्यक्ष का चुनाव हमने निर्विरोध जीता है। जिन लोगों ने पीछे के रास्ते से कांग्रेस के साथ मिलकर पार्टी को अस्थिर करने का प्रयास किया है, उसकी समीक्षा कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी ने साथ चलने से मना किया तो युवक ने ससुराल में ही लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ गुंडरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम गुरेदा की घटना

पत्नी को उसके मायके से वापस ससुराल लाने के लिए पति अपने ससुराल पहुंचा, लेकिन पत्नी के वापस आने से मना कर दिया। इससे नाराज युवक ने अपनी पत्नी के मायके में ही पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने आत्महत्या का कारण लिखते हुए जेब में सुसाईड नोट छोड़ा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भाठापारा अर्जुन्दा निवासी महेन्द्र देवांगन पिता हरिशचंद देवांगन 28 वर्ष ने अपने ग्राम से 9 किलोमीटर दूर अपने ससुराल ग्राम गुरेदा में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने गुंडरदेही थाने में दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पोस्टमार्टम के बाद लाश को परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की जेब से दो पन्ने का सुसाइड नोट भी पुलिस ने बरामद किया है। युवक ने सुसाइड नोट में अपने पत्नी से अलग होने का जिक्र किया है और अलग करने के पीछे सास और साली सहित ससुराल पक्ष के लोगों को जिम्मेदार बताया है।

#### 3 साल पहले किया था प्रेम विवाह

युवक महेंद्र कुमार देवांगन पिता स्व हरीशचंद्र देवांगन अर्जुंदा निवासी था, जो अपनी माता ललिता देवांगन और छोटे भाई ओमप्रकाश देवांगन के साथ चंद्रपुर में जीवन यापन कर रहे थे। परिजनों ने बताया कि करीब 3 वर्ष पहले महेंद्र ने ग्राम गुरेदा की एक लड़की से प्रेम विवाह किया था। लेकिन, आपसी तालमेल नहीं होने के कारण करीब डेढ़ वर्ष से उसकी पत्नी मायके चली गई थी।


हरिभूमि पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100


# होली के लिए सजा नगाड़ों का बाजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आधुनिकता के इस दौर में कई त्यौहार ऐसे होते हैं जिनमें पारंपरिक बाजे के बिना वह अधूरा सा ही लगता है। एक ऐसा त्यौहार होली है, जिसमें पारंपरिक बाजा नंगाड़ा की धुन सुने बिना यह त्यौहार पूर्ण नहीं होता।

जिले में 6 दिनों के बाद होली का त्यौहार मनाया जाना है, जिसके लिए जिले के बाजार सज चुके हैं तथा दुकानों में रंग गुलाल के साथ ही पिचकारियां बिकना प्रारंभ हो गई है, जिसकी खरीदी बिक्री के लिए लोग दुकानों में पहुंचकर खरीदी करते दिख रहे है।

वहीं इस आधुनिकता के दौर मे जहां हर छोटे से बड़े पर्व व त्यौहारों व अन्य अवसरों पर डीजे की धुन में लोग थिरकते दिखते हैं, वहीं होली एक ऐसा त्यौहार होता है जिसमें पारंपरिक बाजा नगाड़ा के धुन के बिना लोगों को होली अधूरी ही लगती है, जहां अक्सर बच्चों से लेकर युवा, बुजुर्ग नगाड़े की धुन पर फाग गीत पर नाचते गाते दिखते हैं।

नगाड़ा बेचेन वाले मालीघोरी निवासी रत्नुराम गोंघरे, भारत गोंघरे ने बताया कि नगाड़ा छोटे आकार में 100 रूपया जोड़ी, मध्यम आकार में 300 से 800 रूपये तक, वहीं बड़े आकार में 1600 से 2500 रूपये तक जोड़ी मिल रहा है। वरिष्ठ पत्रकार रमन टुवानी ने बताया कि बालोद शहर में करीब 80 सालों तक शहर के तहसील कार्यालय में होली का विशेष आयोजन किया जाता था, जहां होली के अवसर पर होलिका दहन के साथ रंगोत्सव का आयोजन किया जाता था, जहां शहर के बड़े गणमान्य के साथ अधिकारी–कर्मचारी व बड़े पदाधिकारी व शहरवासी इकठ्ठा होकर होली का आनंद लेते दिखते थे। वहीं वर्तमान के कन्या हाई स्कूल नयापारा में भी शहर के प्रमुख लोगों द्वारा होली का आयोजन किया जाता था और ये दोनों आयोजन शहर की एकता को दर्शाते थे, जिसमें पूरे शहरवासी सम्मिलित होते थे। समय के साथ तहसील कार्यालय मे आयोजित होने वाला आयोजन लगभग पूर्ण रूप से समाप्त हो चुका है और जिला बनने के बाद तो इस ओर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है। वहीं कन्या हाई स्कूल में आयोजित होली मिलन पहले मैदान होने के कारण आयोजित होता था वही अब वर्तमान में स्कूल बन जाने के बाद शहर के प्रमुख लोगों द्वारा डॉ प्रदीप के हॉस्पिटल के सामने आयोजित किया जाता है। ऐसे में शहर के प्रमुख पदाधिकारियों व जिम्मेदारों को चाहिए कि यह परंपरा पुनः आरंभ की जाए, ताकि युवा पीढ़ी इससे एकजुटत्ता के साथ प्रेमभाव की सीख ले सकें।






शासकीय बालक उमा विद्यालय डौंडीलोहारा में अनूठी पहल

# बच्चों ने ठेठरी-खुरमी सहित बनाए कई व्यंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान के विद्यार्थियों ने प्रायोगिक परीक्षा के तहत विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए। शाला के शिक्षकों ने व्यंजनों का स्वाद भी चखा जाता है। इस बार बच्चे छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार दक्षिण भारतीय व्यंजन बनाकर लाए थे।

इस मौके पर एसडीएम शिवनाथ बघेल ने भी पकवानों का स्वाद लिया और बच्चों से सहज सरल अंदाज में सवाल भी किए। इसी क्रम में एसडीएम ने बच्चों से विभिन्न छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के नाम पूछते हुए बनाने का तरीका भी पूछा। श्री बघेल ने इस नवाचारी प्रयास की सराहना भी की। प्रभारी प्राचार्य प्रदीप मेश्राम ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि स्वादिष्ट व्यंजन बनाना भी एक कला है। चाहे लड़का हो या लड़की सबको भोजन बनाना तो आना ही चाहिए, ताकि जब हम कभी उच्च शिक्षा के बाहर जाएं, तो तकलीफ ना हो। ये बच्चे एनुका शार्वा की कक्षा के विद्यार्थी हैं, जो भौतिकी प्रायोगिक परीक्षा उपरांत अपने टिफिन में अपने हाथ से बना पकवान बना कर लाए थे। सुश्री शार्वा ने बताया कि प्रत्येक बच्चों के अलग-अलग शौक होते हैं इसलिए सबको अपना हुनर दिखाने का मौका मिलना चाहिए क्या पता इनमें से कोई बच्चा भविष्य में फेमस सेफ बन जाए। इसके अलावा पढ़ाई और परीक्षा भय दूर करने के लिए इस प्रकार का वातावरण बनाना भी आवश्यक है। केवल पढ़ाई में ध्यान आकर्षित करने से बच्चे ऊब जाते हैं इसलिए थोड़ा अलग माहौल बनाने से बच्चों का दिमाग भी फ्रेश हो जाता है और उनको कुछ अलग करने की प्रेरणा भी मिलती है।

बच्चों को इसकी प्रेरणा हेमंत साहू द्वारा मिली जिसमें कक्षा के 70 विद्यार्थियों द्वारा खीर, पूरी, सोहारी, ठेठरी, चौसेला, चना, खुरमी, हलवा, अरसा, इडली आदि व्यंजन लाए थे। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता एल के ठाकुर, आर एस देशमुख,डुप्ले साहू, संगीता वैद्य, पुष्पा कटेंद्र, तेजेश्वरी साहू और खांडेकर सर उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### लक्खीप्रसाद अग्रवाल ने लिया देह दान संकल्प

**रायपुर।** स्वर्ण भूमि सीनियर्स क्लब के वरिष्ठतम सदस्य लक्खीप्रसाद अग्रवाल (92) ने मृत्यु के बाद अपना देह दान मेडिकल कॉलेज को सौंपने का संकल्प करते हुए एक अविस्मरणीय पुनीत कार्य किया है। इस उपलक्ष्य पर उनके बच्चों ने मिलकर जिनमें से एक हमारे क्लब के वरिष्ठ सदस्य इंजीनियर अरुण कुमार अग्रवाल ने उनके गृह नगर और कर्म नगरी दल्ली राजहरा में अपने एक्सटेंडेड फैमिली एवं पुराने पारिवारिक मित्रों के साथ विगत दिनों एक बड़े पारिवारिक कुंभ का आयोजन किया और उनके सम्मान में उन्होंने पोस्ट ऑफिस से मिलकर डाक टिकट भी जारी करवाया। हमें इस परिवार से सीख लेनी चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि हम भी मरणोपरांत अपने अंगों का और शरीर का दान करें तो जग का बहुत कल्याण हो सकता है।

### बैंक ऑफ इंडिया यूनियन का त्रैवार्षिक सम्मेलन 9 मार्च को

**रायपुर।** बैंक ऑफ इंडिया एम्लॉयज यूनियन का आगामी 9 मार्च को महिन्द्रा होटल, कचहरी चौक, रायपुर में त्रैवार्षिक सम्मेलन होने जा रहा है, जिसमें छग के 64 शाखाओं में कार्यरत स्टॉफ द्वारा आगामी 3 वर्षो के लिए नई कार्यकारी समिति को चुना जाएगा। यह जानकारी यूनियन के महासचिव हर्षवर्धन सिंह बिष्ट ने दी, उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ऑल इंडिया महासचिव दिनेश झा रांची से और उपाध्यक्ष सुरेश बौभाते नागपुर से शामिल हो रहे हैं। वर्तमान में बैंक कर्मियों की परेशानियों और आने वाले समय में नई चुनौतियों से निपटने तथा ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं देने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी। वर्तमान में सारे बैंक में स्टॉफ की कमी है, नई भर्ती करने के लिए ही आगामी 24 एवं 25 मार्च को राष्ट्रव्यापी हड़ताल होने जा रही है।

### प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव संबंध में बुधवार शाम 5:00 बजे चैंबर कार्यालय में मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली के हस्ताक्षर से प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। प्रदेश के 2,7480 मतदाताओं की मतदाता सूची का प्रकाशन के समय निर्वाचन अधिकारी रमेश गांधी, बालकृष्ण दानी, के.सी. माहेश्वरी, महावीर तालेड़ा, अनिल कुचेरिया, संजय देशमुख, अमित वर्मा, चुनाव नियंत्रक एच.एस.कर, चुनाव कार्यालय प्रभारी एस.एम. रावते, सह प्रभारी शशिकांत गुप्ता उपस्थित थे।

### नगर निगम का प्रथम सम्मिलन 7 को

**रायपुर।** जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने रायपुर नगर निगम के प्रथम सम्मिलन बैठक 7 मार्च को दोपहर 12 बजे गांधी सदन के सभागार में आयोजित की है। प्रथम सम्मिलन में नगर निगम के सभापति और अपील समिति के सदस्यों के निर्वाचन की कार्यवाही की जायेगी।

### कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र में आपसी विवाद पर अपने ही दोस्त पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गुमा निवासी विष्णु यादव शराब के नशे में अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था, इस दौरान उसके दोस्त विनोद खुसराम रिंकू ध्रुव बीच बचाव करने पहुंचे। इस दौरान विष्णु अपने दोस्तों के साथ मारपीट करने लगा। गुस्साए विनोद और उसके साथी ने पास रखी कुल्हाड़ी से विष्णु पर जानलेवा हमला कर दिया। विष्णु की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने विनोद तथा उसके साथी को हत्या की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

# लाइन की झंझट से मिली मुक्ति, ट्रेनों के पचास फीसदी यात्रियों के पास अब डिजिटल टिकट

## मोबाइल एप और एटीवीएम पर बड़ा भरोसा, छुट्टे पैसे की समस्या भी हुई खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकल ट्रेनों अथवा अनारक्षित टिकट लेकर लंबी दूरी की ट्रेनों में सफर करने वालों को लाइन लगकर टिकट लेने की झंझट से मुक्ति मिल गई है। पचास फीसदी यात्री अब मोबाइल एप और एटीवीएम के माध्यम से टिकट ले रहे हैं। इससे छुट्टे पैसे की समस्या भी समाप्त हो गई है। रेलवे सूत्रों के अनुसार अब आधे से अधिक यात्रियों को अनारक्षित टिकट यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप और एटीवीएम के माध्यम से जारी किए जा रहे हैं। आर-वालेट से डिजिटल भुगतान करने पर यात्रियों को तीन फीसदी बोनस का भी लाभ मिल रहा है। डिजिटल टिकटिंग में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का स्थान भारतीय रेलवे में अव्वल स्थान पर रहा है। अप्रैल 2024 से



फरवरी 2025 के दौरान, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 21-22 प्रतिशत यात्रियों को मोबाइल ऐप के माध्यम से टिकट प्रदान किया था, जिससे यह अन्य रेलवे के मुक़ाबले प्रथम स्थान बरकरार रखा है। ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन से भी टिकटिंग में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जबरदस्त बढ़त दर्ज की गई है। वर्तमान में, 46 स्टेशनों पर 87 एटीवीएम के जरिए भी यात्रियों को टिकट सुविधा मिल रही है तथा यूपीआई क्यूआर के माध्यम से भुगतान कर स्वयं टिकट बुक कर रहे हैं, जिससे डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा मिल रहा है। यात्रियों के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए मोबाइल टिकटिंग एप में नए फीचर्स जोड़े जा रहे हैं। मोबाइल टिकटिंग एप को लगातार नई सुविधाओं और बेहतर यूजर इंटरफेस के साथ अपडेट किया जाता है, जिससे इसे और अधिक सुविधाजनक और तेज बनाया जा सके।

## इंस्पेक्टरों का दायरा खत्म, किसी भी क्षेत्र में कर सकेंगे कार्रवाई

# होली में अवैध शराब की बिक्री-परिवहन पर रोक लगाने गठित होगी विशेष टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



अलग खबर

होली त्योहार के लिए जिला आबकारी विभाग जल्द ही विशेष टीम गठित करेगा। यह टीम जिले के सभी ब्लॉक क्षेत्रों के लिए बनाई जाएगी, जो लगातार गश्त करते हुए शराब दुकानों में ओवररेट, अनियमितता के साथ अवैध शराब की बिक्री-परिवहन आदि पर न केवल नजर रखेगी, बल्कि पकड़े जाने लोगों पर सख्त कार्रवाई भी करेगी। आबकारी नियम के तहत विभाग में कार्यरत सभी इंस्पेक्टरों के क्षेत्र का दायरा भी समाप्त कर दिया गया है। इस तरह अब जिले के किसी भी क्षेत्र में पदस्थ इंस्पेक्टर अपने इलाके के साथ दूसरे किसी भी क्षेत्र में जाकर अवैध शराब की बिक्री, परिवहन सहित अन्य प्रकरणों में भी कार्रवाई कर सकते हैं। हालांकि यह नियम पहले से ही लागू है, लेकिन अमले की कमी सहित अन्य कारणों से इस नियम के तहत इंस्पेक्टरों को दूसरे क्षेत्रों में कार्रवाई करने की छूट नहीं दी गई थी। अब इस नियम के तहत जिले में इंस्पेक्टरों को किसी भी क्षेत्र में कार्रवाई करने की अनुमति दी गई है।

विभागीय अधिकारियों का मानना है कि इस नियम के तहत इंस्पेक्टर कार्रवाई करेंगे, तो अवैध शराब के कारोबार पर भी लगाम लगेगी। होली त्योहार को अब सिर्फ सात दिन बचे हैं। शराब की सबसे ज्यादा खपत होली में होती है। इसे देखते हुए आबकारी विभाग पिछले वर्ष की तरह इस बार भी होली में शराब का अवैध कारोबार पर रोक लगाने और इस अवैध कारोबार से संबंधित लोगों पर कार्रवाई करने के लिए विशेष निगरानी दल गठित करने की तैयारी कर रहा है। पिछली बार विभाग द्वारा 12 टीमें गठित की गई थी। प्रत्येक टीम में एक प्रभारी के साथ चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जो लगातार अपने सर्किल क्षेत्र की देशी-विदेशी और प्रीमियम शराब दुकानों में औचक निरीक्षण करेगी। इस दौरान कहीं गड़बड़ी पाई गई, तो संबंधित दुकान के सेल्समैन और सुपरवाइजरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ये टीमें गश्त कर शराब की अवैध बिक्री-परिवहन पर भी नजर रखे हुए थी। विभागीय सूत्रों के इस बार भी विशेष टीमें गठित होंगी, जिसमें इंस्पेक्टर से लेकर कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा।

### निर्देशित किया गया है

आबकारी विभाग के नियम में धारा-7 पहले से जिले में लागू है। इस नियम के तहत जिले में पदस्थ अधिकारी-इंस्पेक्टर किसी भी क्षेत्र की शराब दुकान में ओवररेट, गड़बड़ी मिलने या अवैध शराब की बिक्री-परिवहन के प्रकरण में कार्रवाई कर सकता है। इस नियम को अमल में लाने विभाग द्वारा निर्देशित किया गया है। अधिकारी-इंस्पेक्टर के दूसरे क्षेत्रों में भी कार्रवाई करने से ओवररेट, गड़बड़ी के साथ अवैध शराब की बिक्री-परिवहन पर भी रोक लगेगी। होली के लिए विशेष टीम भी गठित करेंगे।

**- रामकृष्ण मिश्रा**
उपायुक्त, जिला आबकारी विभाग

### *सामान्य दिनों की तुलना में होली में तीनगुना से अधिक बिकती है शराब*

*सामान्य दिनों की तुलना में होली त्यौहार के दौरान जिले में शराब की तीन से चार गुना अधिक बिक्री होती है। पिछली होली में होलिका दहन से पहले दो दिन में 30 करोड़ से अधिक की शराब की बिक्री हुई थी। इस बार भी बिक्री का आंकड़ा आसपास या ज्यादा होने की संभावना है।*

### *शराब दुकानों में अतिरिक्त स्टॉक की व्यवस्था की जा रही*

*होली में हर बार शराब दुकानों में अतिरिक्त स्टॉक की व्यवस्था की जाती है। इसके लिए विभाग ने तैयारी भी शुरू कर दी है। होली में किसी भी दुकान में शराब या बीयर स्टॉक की कमी नहीं हो, इसके लिए अतिरिक्त स्टॉक का प्रबंध किया जा रहा है, ताकि किसी भी ग्राहक को दुकान से खाली हाथ लौटना नहीं पड़े और उन्हें मनचाहे ब्रांड की शराब या बीयर मिल सके।*

## केंद्रीय टीम आने से पहले सफाई का बेड़ागर्क, आधा दर्जन वार्डों में ड्यूटी पर कम मिले कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जोन 8 का मामला, सफाई ठेकेदारों पर 50 हजार रुपये जुर्माना
- स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान की धरातल पर स्थिति

नगर निगम प्रशासन शहर को स्वच्छ रखने के लाख दावे करे, पर हकीकत में स्थिति कुछ और ही है। बुधवार को निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेश व अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के निर्देश पर जोन 8 क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के औचक निरीक्षण में आधा दर्जन वार्डों में सफाई ठेकेदारों के प्लेसमेंट सफाई कर्मचारी निर्धारित संख्या से कम संख्या में मिले। स्वच्छता में कोताही मिलने पर अनुबंधित ठेकेदारों पर 50 हजार रुपये जुर्माना किया गया।

शहर में देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण के सिलसिले में केन्द्रीय टीम इसी माह कभी भी शहर में दस्तक दे सकती है। शहर की सफाई की धरातल पर स्थिति जांचने केन्द्रीय टीम सर्वे करेगी, पर शहर की सफाई व्यवस्था का हाल ये है कि केन्द्रीय टीम आने से पहले ही एक ही दिन में आधा दर्जन वार्डों में स्पॉट निरीक्षण के दौरान निर्धारित संख्या से कम संख्या में सफाई कर्मचारी मिले। जोन 8 के स्वास्थ्य विभाग ने 6 वार्डों में सफाई ठेकेदारों पर जुर्माना किया। जोन कमिश्नर एके हालदार ने वीर सावरकर वार्ड में अनुबंधित ठेकेदार अनिल गिलारे पर 10 हजार रुपये, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड के ठेकेदार रजत इंटरप्राइजेस पर 10 हजार रुपये, रामकृष्ण परमहंस वार्ड के ठेकेदार दानेश्वर सेन्द्रे पर 10 हजार रुपये, शहीद भगतसिंह वार्ड के ठेकेदार ओमप्रकाश झा पर 10 हजार रुपये, माधवराव सप्रे वार्ड के ठेकेदार कार्तिकेश्वर साहू पर 5 हजार रुपये, संत रविदास वार्ड के अनुबंधित ठेकेदार यूनिवर्सल आटो इलेक्ट्रिक्स एंड रिपेयरिंग वर्क्स पर 5 हजार रुपये का जुर्माना किया गया।

विदित हो एक दिन पहले ही नगर निगम जोन 1 क्षेत्र में अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता और नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने जोन क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया, उस समय सफाई में निर्धारित संख्या से कम सफाई कर्मचारी मिले। यही नहीं, ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराये गये 10 सफाई कर्मचारी सुबह 9:30 बजे काम बंद कर एक साथ बैठे मिले थे।

## संपत्ति कर नहीं चुकाया, रेस्टारेंट सील, ग्रीन कैफे को चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 10 के राजस्व अमले ने संपत्ति कर अदा नहीं करने पर बकायादार आशुतोष शर्मा के फर्म आनंद रेस्टोरेंट को सील कर दिया है। वहीं दी लीविंग रूम ग्रीन कैफे के संपत्ति कर बकायादार को 3 दिनों के भीतर प्रापर्टी आईडी अपडेट करवाकर संपत्ति कर भुगतान की हिदायत दी है।

नगर निगम जोन 10 के राजस्व महकमे ने डिमांड बिल और नोटिस एवं अंतिम सूचना देने के बाद भी संपत्ति कर जमा नहीं करने पर वार्ड 52 के बड़े बकायादार आशुतोष शर्मा के फर्म आनंद रेस्टोरेंट को सीलबंद करने की कार्रवाई की। संबंधित करदाता पर 2019-20 से 5 लाख 92 हजार 354 रुपये बकाया था। जोन के सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल और जोन 10 के अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में सीलबंद करने की कार्रवाई की गई।

इसी तरह डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड के वीआईपी मार्ग स्थित अमलीडीह में ग्रीन कैफे की संचालिका संपत्ति कर बकायादार ज्योति केशवानी को डिमांड बिल और नोटिस जारी आगामी 3 दिन के भीतर प्रापर्टी आईडी अपडेट करवाकर संपत्ति कर का भुगतान जोन 10 के राजस्व शाखा में करने हिदायत दी गई।

## गीला कचरा से बनेगी बायोगैस, रावांभाठा क्षेत्र में 8 एकड़ जमीन पर प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शहर के सब्जीबाजार और उद्यानों से निकलने वाला गीला कचरा अब बेकार नहीं जायेगा। गीले कचरे से बायोगैस बनाने रावांभाठा क्षेत्र में नगर निगम की 8 एकड़ जमीन पर बायोगैस कंप्रेस्ट प्लांट लगाया जायेगा। भारत पेट्रोलियम कंपनी 60 करोड़ रुपये लगाकर 18 माह में यह प्लांट तैयार करेगी, जबकि गीला कचरा का वेस्ट मटेरियल खाद के काम आयेगा। रायपुर नगर निगम के बिरगांव में स्थित 8 एकड़ जमीन में कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट लगाने भारत पेट्रोलियम कंपनी ने अपनी सहमति दे दी है। पेट्रोलियम कंपनी यहां 60 करोड़ रुपये खर्च कर यूनिट लगायेगी। बदले में नगर निगम को अपनी जमीन और प्रतिदिन 100 टन गीले कचरे का इंतजाम करना होगा। इसके लिए रायपुर नगर निगम ने शहरी क्षेत्र में स्थित बगीचे, सब्जी बाजार और गोबर का कचरा देने के साथ ही बिरगांव, खरोरा, अभनपुर, व तिल्दा नेवरा से गीला कचरा के लिए तालमेल बैठाएगा।

### बायोगैस से चलेंगी गाड़ियां

योजना के मुताबिक गीले कचरे से बनने वाली बायोगैस से गाड़ियां चलेंगी। साथ ही गैस बनने के बाद गीला कचरा का वेस्ट मटेरियल खाद के रूप में काम आयेगा, यानी इससे दोहरा फायदा होगा। केन्द्र सरकार की इस अभिनव योजना के अंतर्गत भारत पेट्रोलियम कंपनी गीले कचरे से बायोगैस बनाने प्लांट लगायेगी। इससे रायपुर जिले के बड़े क्षेत्र के नगरीय क्षेत्र से निकलने वाले गीले कचरे का सुव्यवस्थित रूप से निष्पादन प्रतिदिन नियमित रूप से हो सकेगा।

## नियमित ट्रेनों पर दबाव कम करने छग से बिहार के लिए तीन होली स्पेशल

### गोंदिया-छपरा के बीच एक-एक फेरे की दो और पटना के दो फेरे की एक ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- छत्तीसगढ़ के सात स्टेशनों पर आवाजाही के दौरान होगा गोंदिया-छपरा का स्टापेज

नियमित ट्रेनों पर यात्रियों का दबाव कम करने के लिए छत्तीसगढ़ से बिहार के बीच तीन होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। गोंदिया से छपरा के लिए एक-एक फेरे की दो और पटना के लिए दो फेरे की एक ट्रेन का संचालन किया जाएगा। छपरा वाली ट्रेन आवाजाही के दौरान छत्तीसगढ़ के सात और पटना वाली ट्रेन आठ स्टेशनों पर रुकेगी।

होली का त्योहार उत्तर भारत में जोर शोर से मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग काफी संख्या में छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में रहते हैं। होली पर उनकी घर वापसी को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त ट्रेनों की सुविधा दी जा रही है। इससे इन रुट पर चलने वाली सामान्य ट्रेनों पर दबाव कम होगा और यात्रियों को आसानी से अपने सफर के लिए कंफर्म टिकट मिल सकेगा। गोंदिया से रवाना होने



वाली छपरा एक्सप्रेस 11 और 12 मार्च को रवाना होगी और वापसी क्रमशः 12 एवं 13 मार्च को होगी। इसी तरह गोंदिया और पटना के बीच संचालित होने वाली ट्रेन भी 11-12 मार्च को संचालित होगी और वापसी 13-14 मार्च को होगी।

### गोंदिया-पटना होली स्पेशल का रूट

दो फेरे में चलने वाली गोंदिया-पटना होली स्पेशल ट्रेन सुबह 11 बजे गोंदिया से रवाना होगी। इस ट्रेन का छत्तीसगढ़ के आठ स्टेशनों पर स्टापेज होगा। डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग होते हुए दोपहर 2 बजे रायपुर पहुंचेगी इसके बाद भाटापारा, बिलासपुर, चांपा, रायगढ़ होते हुए झारसुगुड़ा रुट से सुबह 11 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी के दौरान दोपहर 12.30 बजे पटना से छूटकर उसी रूट से होते हुए दूसरे सुबह 10.15 बजे रायपुर और दोपहर 2.30 बजे गोंदिया पहुंचेगी।

### *गोंदिया-छपरा होली स्पेशल का रूट*

*गोंदिया से छपरा के लिए एक-एक फेरे के लिए संचालित होने वाली होली स्पेशल गोंदिया से शाम 5 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन छत्तीसगढ़ के सात स्टेशन डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर रात्रि 8.05 बजे, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रा रोड में स्टापेज लेने के बाद दूसरे दिन शाम 7 बजे छपरा पहुंचेगी। वापसी के दौरान यह ट्रेन छपरा से रात्रि 10.15 बजे रवाना होकर उसी रूट से संचालित होते हुए दूसरे दिन शाम 7.13 बजे रायपुर आकर रात्रि 11.45 बजे गोंदिया पहुंचेगी।*

## ऑनलाइन बोली लगाए जाने के बाद एक निजी संस्था को दिया गया ठेका

# हाय गर्मी... ठंडे पानी पर 10 लाख खर्च करेगा रविवि! इसके बाद होगी लाभ-हानि की समीक्षा

*वाटर कूलर और वाटर प्यूरीफायर के वार्षिक रखरखाव के लिए कार्यपरिषद में लाया गया बजट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में गर्मी का जो आलम है, वो पूछिए ही मत। इस गर्मी को देखते हुए ही विवि ने तय किया है कि वह 10 लाख रुपए की राशि ठंडे पानी पर खर्च करेगा। फरवरी के अंतिम सप्ताह में हुई कार्यपरिषद की बैठक में वाटर कूलर और और वाटर प्यूरीफायर के लिए कार्योत्तर 9 लाख 86 हजार 137 रुपए खर्च करने का प्रस्ताव पारित हो गया है। बैठक में साझा की गई जानकारी के अनुसार, विश्वविद्यालय द्वारा इसके लिए जेम पोर्टल पर ऑनलाइन बोली लगाई थी। इसके बाद साई टेक्नो सेल्स को इसके क्रय का आदेश दिया गया।

बैठक में वाटर कूलर और वाटर प्यूरीफायर पर यह राशि खर्च करने की स्वीकृति इस शर्त के साथ दी गई है कि एक वर्ष बाद वार्षिक रख-रखाव से होने वाली लाभ-हानि की गणना की जाएगी। ठंडे पानी संबंधित यह व्यवस्था केवल रविवि अध्यनशाला में की ही जाएगी। नए वाटर कूलर और वाटर प्यूरीफायर का जिक्र आदेश में नहीं है। केवल रख-रखाव की ही बात कही गई है।



### बीते दिनों हुआ था हंगामा

रविवि अध्ययनशाला सहित छात्रावास में ठंडा पानी नहीं मिलने की शिकायत छात्र नियमित रूप से करते रहे हैं। कला भवन के छात्रों को बीते कुछ दिनों में पानी की विकट समस्या से जूझना पड़ा है। बीते माह छात्र इसके लिए मोर्चा भी खोलकर बैठे थे। विद्यार्थियों के व्हॉट्सऐप चैट का स्क्रीनशॉट भी वायरल हुआ था। इसमें छात्रों ने कुलपति द्वारा बार-बार वाटर कूलर को देखकर जाने, लेकिन कुछ भी सुधार नहीं किए जाने की बात कही थी। छात्रों ने यह भी कहा था कि यदि यही स्थिति रही तो वे स्वयं ही वाटर कूलर सुधरवाएंगे।

### प्रशासनिक भवन का भी हाल-बेहाल

ना सिर्फ अध्ययनशालाओं बल्कि प्रशासनिक भवन का भी हाल बेहाल है। यहां दूसरे जिलों से भी विद्यार्थी अंकसूची, माइग्रेशन, आवेदन सुधार सहित कई तरह की समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचते हैं। यहां के कई वाटर कूलर वर्षों से बंद हैं। इसमें धूल जम गई है। छात्रों को ठंडे पानी के लिए बाहर तक दौड़ लगानी पड़ती है और पैसे भी खर्चने पड़ते हैं। ना केवल छात्र बल्कि स्टाफ भी परेशान हैं। स्थिति यह है कि अधिकतर विभागों के प्राध्यापक अपने साथ पानी की बड़ी बोतलें लेकर आते हैं।

## महापौर से प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे से बुधवार को प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष संजय एड़े सहित पदाधिकारियों ने मुलाकात की। महापौर कक्ष में उन्हें गुलदस्ता देते हुए शहर के प्रथम नागरिक का कार्यभार संभालने पर हार्दिक शुभकामनायें दीं। अध्यक्ष ने संघ के प्रमुख मांगों के संबंध में अवगत कराते हुए प्लेसमेंट कर्मचारियों को नगर निगम से सीधा वेतन भुगतान करने, 4000 रुपये श्रम सम्मान निधि प्रदान करने सहित अन्य प्रमुख मांगो के संबंध में महापौर से चर्चा की। महापौर मीनल चौबे ने संघ की मांगो को पूरा करवाने के प्रति आश्वस्त किया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी पवन चवरगुवाल, देवेन्द्र साहू, गिरधारी साहू, मनीष तिवारी, गुलशन ताम्रकार, हेमंत फरिकार, रवि साहू, भोला साहू, ललित साहू, शबाना बेगम, नीलू शर्मा, रीता राव, शकुन हरपाल, संजना हरपाल, सावित्री उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### बघमरा में समूह की महिलाएं बना रही हैं हर्बल गुलाल

**बालोद।** जिला मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर ग्राम बघमरा के भूमि संकुल संगठन बिहान समूह की महिलाएं हर्बल गुलाल का निर्माण कर रही हैं। गुलाल बनाने में परसा के फूल एवं पालक भाजी, चुकंदर व हल्दी का उपयोग किया जा रहा है।

### शौचालय निर्माण के 6 माह बाद भी नहीं मिली राशि



**बालोद।** शौचालय के लिए पैसा पास होने के बाद भी पैसा नहीं मिलने पर लाभार्थी ने स्वयं के पैसे से शौचालय निर्माण करा लिया। लेकिन, शौचालय निर्माण के 6 माह के बाद भी शासन द्वारा मिलने वाली राशि नहीं मिल पाई। ग्राम बमनी निवासी घनाराम साहू ने शौचालय निर्माण का पैसा दिलाने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

### बड़े बकायादारों पर निगम की कार्रवाई

**रायपुर।** नगर निगम जोन 1 के राजस्व विभाग की टीम ने डिमांड बिल और नोटिस देने के बाद भी संपत्तिकर जमा नहीं करने वाले बकायादारों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की। 2 बड़े बकायादारों के भवन सीलबंद करने की कार्रवाई की गई। यतियतन लाल वार्ड क्षेत्र के बड़े बकायादार नवीन चौधरी को वर्ष 2016-17 से बकाया राशि 5,10,401 रुपये और रामगोपाल अग्रवाल की वर्ष 2016-17 से बकाया राशि 1,0,5408 रुपये के संपत्ति कर का भुगतान सूचना के बाद भी नहीं करने पर तालाबंदी की कार्रवाई की गई।

### शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** बर्खास्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक जो अपनी सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर लगातार संघर्षरत हैं, ने आज सेवा सुरक्षा के लिए गठित समिति को ज्ञापन सौंपकर मुख्य सचिव से जल्द से जल्द बैठक आयोजित करने ज्ञापन सौंपा। सहायक शिक्षकों ने बताया कि अचानक नौकरी से निकाले जाने से वे बेरोजगार हो चुके हैं, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उनकी योग्यता और मेरिट के बावजूद उन्हें नौकरी से निकाले जाने के कारण समाज में उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है, जिससे वे मानसिक अवसाद में चले गये हैं। बर्खास्त किये गये शिक्षकों को अन्य स्कूल कालेजों में भी नौकरी नहीं मिल रही है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द समायोजन कि प्रक्रिया जल्द शुरू करने की सरकार से अपील की है, जिससे बेरोजगारी और मानसिक अवसाद से जूझ रहे शिक्षकों को न्याय मिल सके।

## पेज 9 का शेष

### 21 में से 18 सीटों पर ...

चुनाव परिणाम चौंकाने वाला रहा। भाजपा के 7 सदस्यों ने पार्टी निर्देश को दरकिनार कर क्रास वोटिंग कर सुनीता के पक्ष में मतदान किया, जिससे भाजपा की अधिकृत सुभद्रा साहू को केवल 10 मत मिले, जबकि पार्टी से बगावत कर उम्मीदवारी करने वाली सुनीता साहू 11 वोट प्राप्त कर अध्यक्ष चुन ली गईं। इस तरह सुनीता ने 1 वोट से जीत हासिल कर अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया।

## निधन

### उदय सिंह

**लाटाबोड़।** ग्राम लाटाबोड़ निवासी नलकूप विभाग में पदस्थ सहायक कर्मचारी उदय सिंह खुर्शीयाम का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व.हीरा लाल शुरश्याम व विसाहिन के पुत्र थे।

# जिम्मेदारों की लापरवाही से डेंजर जोन बना पुल निर्माण वाला क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

राष्ट्रीय राजमार्ग 930 में ग्राम सांकरा के पास नाले में उच्च स्तरीय पुल बन रहा है, पुल निर्माण एजेंसी की लापरवाही से यह क्षेत्र डेंजर जोन बन गया है।

पुल निर्माण एजेंसी की लापरवाही गुरूवार को हद पार कर गई। वर्तमान में पुल के पिल्लर में बीम रखने का कार्य चल रहा है, गुरूवार को इन भारी भरकम बीमों को क्रेन के माध्यम से उठाने के लिए आधी से अधिक सड़क को घेरकर ट्रक व क्रेन को रखा गया है। पुल निर्माण एजेंसी की लापरवाही इतनी अधिक है कि आधी सड़क को रोके रखने के बाद भी सड़क के दोनों ओर सावधानी सूचक संकेतक बोर्ड नहीं लगाया गया है, आधी सड़क रोके जाने से सड़क वन वे हो गया था, उसके बाद भी निर्माण एजेंसी ने यातायात को व्यवस्थित करने के लिए न संकेतक बोर्ड लगाए और न ही कर्मचारियों को वाहन चालकों को सचेत करने व यातायात सुरक्षित करने के लिए व्यवस्था की।

जिससे वाहन चालक दिन भर परेशान रहे, एक दो बार तो स्थिति ऐसी हुई कि दो वाहन आमने सामने हो गए जरा सी चूक से बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

**राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर ग्राम सांकरा के पास नाले में हो रहा है उच्च स्तरीय पुल का निर्माण**



### खतरनाक है मोड़

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस स्थान पर पुल निर्माण एजेंसी ने आधी सड़क को रोके रखा था वह स्थान खतरनाक मोड़ वाला क्षेत्र है। धमतरी की ओर से बालोद जाने वाले वाहन चालकों को यहां मोड़ होने एवं निर्माण एजेंसी के वाहनों द्वारा आधी सड़क घेरकर खड़ी करने के कारण सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं दे रहे थे, जिससे यह क्षेत्र अत्यंत खतरनाक स्थिति में आ गया था। दुर्घटना से बाल बाल बचे इस प्रतिनिधि ने इस संबंध में जब निर्माण एजेंसी के लोगों से बात की तो उनका जवाब था कि सड़क के दोनों ओर आदमी लगा रखा है, गर्मी अधिक है जिससे आदमी पानी पीने चला गया था। लेकिन, उसके बाद भी निर्माण एजेंसी की लगातार जारी रही।

**निरीक्षण : पैदल चलकर खेती-किसानी का हालचाल जाना**

# मिर्रीटोला पुरूर के खेतों में पहुंचे कलेक्टर, किसानों से की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अपने गुरूर विकासखण्ड के प्रवास के दौरान मिर्रीटोला पुरूर में किसानों के खेतों में पहुँचकर उनके द्वारा किए जा रहे धान के बदले अन्य फसलों के उत्पादन कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ ग्राम मिर्रीटोला पुरूर से किसानों के खेतों में पैदल चलकर खेती-किसानी का हालचाल जाना।

मौके पर उपस्थित किसानों ने बताया कि यहाँ लगभग 25 एकड़ भूमि में 22 किसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन धान के बदले चना, गन्ना आदि फसल का उत्पादन कर रहे हैं। श्री चन्द्रवाल के पूछने पर किसानों ने बताया कि लगभग 11 से 12 माह की अवधि में गन्ना फसल पककर तैयार हो जाती है।

इस दौरान चन्द्रवाल ने किसानों से इस स्थान पर ग्रीष्म कालीन फसल के लिए पानी एवं फसल की बिक्री व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी ली। किसानों ने कलेक्टर से लगभग 400 मीटर दूर स्थित नहर से उनके खेतों तक सिंचाई के लिए पानी आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने किसानों से सिंचाई पंप के लिए सौर सुजला योजना अंतर्गत सोलर पंप हेतु आवेदन करने को कहा।



### पुराने तालाब का होगा कायाकल्प

इस दौरान चन्द्रवाल ने सरपंच हीराबाई साहू से खेती-किसानी एवं गांव में चल रहे विकास कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को गांव के पुराने तालाब को अमृत सरोवर योजना में शामिल कर सुव्यवस्थित, सुंदर एवं बेहतर तरीके से विकसित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्राम हितेकसा में चेकडेम निर्माण के लिए प्रस्तावित नक्शा का भी अवलोकन किया।

## ग्राम कनेरी पहुंचे कलेक्टर चंद्रवाल, विकास कार्यों का किया अवलोकन

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बुधवार को गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कनेरी में पहुँचकर वहाँ चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम कनेरी में मॉडल अमृत सरोवर, मुक्तिधाम, महिला स्वसहायता समूह के सब्जी बाड़ी आदि का अवलोकन कर विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

- ओपन जिम निर्माण व मॉडल अमृत सरोवर में विद्युतीकरण कार्य इस माह के अंत तक पूरा करने के दिए निर्देश

चन्द्रवाल ने मॉडल अमृत सरोवर के निरीक्षण के दौरान वहाँ निर्माणाधीन ओपन जीम एवं आम जनता के बैठक के लिए निर्धारित स्थानों का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ओपन जिम के निर्माण कार्य एवं मॉडल अमृत सरोवर में विद्युतीकरण के कार्य को मार्च महीने के अंत तक पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मॉडल अमृत सरोवर का समुचित रंगाई-पोताई कर इसे सुंदर एवं सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान कराने के निर्देश भी दिए।



इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने ग्राम कनेरी के मुक्तिधाम का भी अवलोकन कर वहाँ की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को मुक्तिधाम में दाह संस्कार आदि कार्य को सुगमतापूर्वक कराने हेतु जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। चन्द्रवाल ने ग्राम कनेरी में स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा शाक-सब्जी एवं फल उत्पादन हेतु निर्मित किए गए बाड़ी का भी अवलोकन किया।

### स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बनाई है बाड़ी

उल्लेखनीय है कि गांव के दो महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा 25-25 डिसमिल भूमि को बाड़ी के रूप में विकसित कर यहाँ पर बैगन, टमाटर आदि शाक-सब्जियों के अलावा जामुन, नीबू, आम आदि फलदार वृक्षों का रोपण किया गया है। इसके अलावा इस सब्जी बाड़ी में मनरेगा के तहत अन्य पौधा का भी रोपण किया गया है।



## विपरीत परिस्थितियों में भी प्रह्लाद ने भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ा



**अंडा।** श्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद बगीचा में श्रीमद् भागवत महापुराण में चतुर्थ दिवस वृंदावन से आए कथा प्रवक्ता श्रद्धेय प्रमोद कृष्ण दास ने परिवार प्रबंधन पर जोर दिया। उन्होंने प्रहलाद चरित्र व वामन अवतार का वर्णन किया। भक्त प्रहलाद की कथा सुनाते हुए व्यासजी ने कहा कि पिता अगर कुमार्ग पर चले तो पुत्र का कर्तव्य है उसे सही मार्ग पर लाए। तमाम विपरीत परिस्थितियों के बाबजूद प्रहलाद ने भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ा। भगवान ने नरसिंह रूप में अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का वध कर अपने परमधाम को पहुंचाया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

## शहीद कौशल यादव कॉलेज में हुई एनईपी कार्यशाला



**गुण्डरदेही।** शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में तीनों संकायों में स्नातक स्तर में अध्ययनरत द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए एनईपी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. चन्दना बोस ने एईसी, एसईसी, जीई के संबंध में जानकारी देते हुए एनईपी के लाभ बताए। सहायक प्राध्यापक शिखा श्रीवास्तव ने स्वयं एवं मौक पोर्टल पर विद्यार्थियों को पंजीयन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि प्रथम वर्ष में सर्टिफिकेट, द्वितीय वर्ष में डिप्लोमा, तृतीय वर्ष में डिग्री तथा चतुर्थ वर्ष में ऑनर्स के साथ रिसर्च की डिग्री विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाएगी। अंत में एनईपी संयोजक आरपी.निषाद ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर एनईपी एम्बेस्डर सहित महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक स्टॉफ उपस्थित थे।

## एकलव्य महाविद्यालय में फाइलेरिया उन्मूलन व राष्ट्रीय कृमि दिवस मना



**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा में भारतीय यूथ रेडक्रास सोसाइटी एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय कृमि दिवस के अंतर्गत दिनांक 28 फरवरी से 4 मार्च तक पांच दिवसीय बूथ द्वारा सामूहिक दवा सेवन गतिविधिय का आयोजन किया गया। इसके तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडी लोहरा से सुपरवाइजर कैलाश सिंह एवं जानकी भूआर्य की उपस्थिति में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को दवाई का सेवन करवाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व रेड रिबन क्लब की प्रभारी व नोडल अधिकारी नेहा ध्रुवे एवं कार्यक्रम अधिकारी नंद किशोर सिन्हा ने किया। इस कार्यक्रम में लगभग 130 छात्र-छात्राओं को दवाई खिलाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोशन आरा एवं समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# निर्माणाधीन कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें : डॉ कन्नौजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जनपद पंचायत गुण्डरदेही के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा की। डॉ. कन्नौजे ने मनरेगा योजना अंतर्गत आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य तथा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

- जिला पंचायत सीईओ ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

बैठक में बताया गया कि ग्राम पंचायत रूदा में फीकल स्लज मैनेजमेंट यूनिट निर्मित है। जिसमें राज्य स्तर से डिस्लजिंग वाहन प्रदान किया गया है। उन्होंने इसका समुचित प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक कर मल-कीचड़ प्रबंधन के बारे में जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी निर्मित कचरा संग्रहण शेड में कचरे का परिवहन व निरन्तर कचरा संग्रहण कार्य जारी रखने को कहा। इसके साथ ही सभी निर्मित सामुदायिक शौचालयों का उपयोग करने तथा इनका संचालन व संधारण सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ डॉ. कन्नौजे ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य में संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर ग्राम पंचायत कसौंदा, गब्दी, जेवरतला, राहुद के पंचायत सचिव को उक्त संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने को कहा। इसी क्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में फेस-01 के तहत आबंटित लक्ष्य के विरूद्ध में शासन के मंशानुसार माह मार्च में वृहद स्तर पर गृह प्रवेश कार्यक्रम का भव्य आयोजन कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आबंटित लक्ष्य अनुरूप समस्त निर्माणाधीन आवासो को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के जनपद पंचायत गुण्डरदेही को फेस-02 में आबंटित अतिरिक्त लक्ष्य 2785 के विरूद्ध में पंजीयन एवं स्वीकृति की कार्यवाही 30 मार्च 2025 तक पूर्ण कर यथाशीघ्र प्रथम किश्त की राशि संबंधितों के खातो में अंतरित करने को कहा। उन्होंने योजनान्तर्गत अप्रारंभ आवास के लाभार्थियो से समन्वय स्थापित कर उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा मनरेगा के तहत 90 मानव दिवस की मजदूरी राशि जारी करने निर्देश दिए।





**लोकसेवा गारंटी वाली सेवाओं का करें बेहतर क्रियान्वयनः** सीईओ डॉ. कन्नौजे ने समस्त नोडल अधिकारियों को अपने आबंटित क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर शासन की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना का बेहतर क्रियान्वयन करने तथा लाभार्थियों से संपर्क स्थापित कर उनके मांग, आवेदन, शिकायतों पर यथासंभव प्रयास कर निराकृत करने को कहा। इसके साथ ही लोकसेवा गारंटी के तहत प्रदाय किए जाने वाले 09 सेवाओं का जमीन स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन करने व जेम-पोर्टल तथा भण्डार क्रय नियम का पालन करने को कहा।



## शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में धूमधाम से मना वार्षिक उत्सव

**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में भव्य सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजन दुबे, अध्यक्ष, शैलदेवी महाविद्यालय ने किया।





महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएन मिश्रा ने स्वागत भाषण देते हुए वार्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ने कहा, कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य, संगीत, नाटक एवं कविता पाठ से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। खेलकूद एवं अकादमिक उपलब्धियों के लिए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए।


# जिला पंचायतों में भाजपा समर्थितों का कब्जा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आज जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव में दुर्ग, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर, खैरागढ़, बेमेतरा, कांकेर, दंतेवाड़ा, बस्तर, कोरिया, बलरामपुर, सक्ती, जांजगीर-चांपा, गरियाबंद, बीजापुर और सूरजपुर जिले से बीजेपी के प्रत्याशी की जीत अध्यक्ष पद के लिए हो गई है। बीजेपी प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया कि जनता ने विश्वास दिलाया है और क्षेत्र का विकास के लिए आम जनता आशीर्वाद लेकर विकास करेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए 16 जिलों के जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव के परिणाम भाजपा के पक्ष में आया है। आने वाले दिनों में अन्य जिलों में भी भाजपा के पक्ष में परिणाम आएंगे। कांग्रेस पंचायतों में पूरी तरह साफ हो गई है। कांकेर जिले से भाजपा की किरण नरेटी जिला पंचायत अध्यक्ष बन गई है। भाजपा की किरण नरेटी ने कांग्रेस की झरना ध्रुव को हराया। भाजपा की तारा ठाकुर उपाध्यक्ष बनी है। दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष पद एससी महिला के लिए आरक्षित है। भाजपा से सरस्वती बंजारे का नाम पहले ही तय था. नामांकन के दौरान कांग्रेस की ओर से एक भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं भरा. भाजपा से अध्यक्ष पद के लिए सरस्वती बंजारे पति सत्य प्रकाश बंजारे का एक मात्र नामांकन प्राप्त हुआ, जिससे जिला पंचायत दुर्ग अध्यक्ष पद पर सरस्वती बंजारे को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा के पवन शर्मा निर्वाचित हुए। वहीं जिला पंचायत बस्तर में भाजपा काबिज हुई है। भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी वेदमति कश्यप को निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## पीएम आवास के हितग्राही ने मांगा रास्ता



**बालोद।** संतोष पुरी गोस्वामी पिता विशाल पुरी गोस्वामी ने आने जाने के लिए रास्ता प्रदान करने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। संतोष पुरी गोस्वामी ने ज्ञापन में कहा है कि मैं शासन के प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत मकान बना रहा हूं, मकान का कार्य जारी है, पुराने मकान को तोड़कर नया मकान बनाया गया, यह पुराना मकान 100 साल पुराना था, इस बीच में मकान का 10 फीट आने जाने का रास्ता था। समस्या यह है कि जिस रोड से मकान में जाते हैं, उसी में बीचों-बीच रामकली दुबे ने चार कालम खड़ा कर दिया है। इससे आने जाने का रास्ता बंद हो गया है। आवेदक ने समस्या का समाधान करने की मांग की है।

## नगर पंचायत अर्जुंदा के उपाध्यक्ष चुने गए अनुभव



**अर्जुंदा।** त्रिस्तरीय नगर पंचायत चुनाव के नतीजे घोषित होने के पश्चात शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम संपन्न होने के बाद आज विजयी पार्षदों एवं अध्यक्ष द्वारा नगर के उपाध्यक्ष पद का चुनाव रखा गया था। जिसमें कांग्रेस की ओर से अनुभव शर्मा तथा भाजपा की ओर से कीर्ति ऊके चुनावी मैदान में थे। अध्यक्ष समेत 16 लोगों ने भाग लिया, जिसमें गुप्त मतदान कराया गया और मतदान के पश्चात गिनती की गई। कांग्रेस के अनुभव शर्मा को 9 और भाजपा के कीर्ति ऊके को 7 वोट मिले और इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अनुभव शर्मा 2 वोट से विजय हुए और उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए।

## शुरू हुई हेमचंद यादव विवि की मुख्य परीक्षाएं

**बालोद।** बोर्ड परीक्षा के साथ ही अब हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के तहत जिले के कॉलेजों की मुख्य परीक्षाएं भी आरंभ हो गई है। स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की नियमित व स्वाध्यायी विद्यार्थियों की परीक्षाएं 6 मार्च से प्रारंभ हुईं।

### आयोजन : एसडीएम शिवनाथ बघेल ने सभी जनप्रतिनिधियों को शपथ दिलाई

# नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम सहित सभी 15 पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





नगर पंचायत डौंडीलोहारा में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम सहित 15 वार्ड के पार्षदों को 5 मार्च दिन बुधवार को एसडीएम शिवनाथ बघेल ने शपथ दिलाई। इन 15 पार्षदों में 8 भाजपा समर्थित, 4 कांग्रेस समर्थित व 3 निर्दलीय पार्षद हैं। नगर पंचायत सीएमओ श्री बंजारे द्वारा नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम को हस्ताक्षर करवाया।

वहीं, भाजपा नेताओं की मौजूदगी में अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम को उनके केबिन में ले जाकर कुर्सी पर बिठाकर उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर वासियों सहित मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ जनता ने इस कुर्सी पर बैठने का मौका दिया है, उस पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे। वार्डों के विकास को लेकर उनका ध्यान रहेगा। शपथ ग्रहण के पूर्व कार्यक्रम मुख्य अतिथि गजेंद्र यादव विधायक दुर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद एवं नगर पंचायत चुनाव प्रभारी राकेशयादव, मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक, पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेंद्र जायसवाल, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, भाजपा नेता सौरभ लूनिया, राज परिवार से पूर्णिमा सिंह टेकाम, छाया देवी टेकाम, लाल कौशल सिंह टेकाम, मंच पर विराजमान थे, जिनका बारी-बारी से नगर पंचायत के कर्मचारियों के पुष्पहार बुके भेंटकर स्वागत सत्कार किया गया।

इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जसराज शर्मा, धीरेंद्र टांक, लतागुप्ता, माया ठाकुर, इकबाल अरोड़ा, सुरेश देवांगन, पलाश गुप्ता, तुकाराम साहू, वीरेंद्र अजनबी, दीपक साहू, दिलीप बाफना, पूनम जैन, हेमलाल सिन्हा, रहिमत कोसमा, गौकरण सिंन्हा, दयालु कोसमा, मोती सचेती सहित सैकड़ों नागरिक गण उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत भीमाटोला में सरपंच गोमती सहित सभी पंचों ने ली शपथ



**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम पंचायत भीमाटोला में नवनिर्वाचित सरपंच गोमती सुखीत नायक सहित सभी पंचों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। सभी जनप्रतिनिधियों ने गांव के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का संकल्प लिया।

सरपंच गोमती सुखीत नायक ने कहा कि पंचायत की प्राथमिकता गांव में साफ-सफाई, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना होगा। उन्होंने पारदर्शिता और ईमानदारी से विकास कार्य करने का भरोसा दिलाया। पंचों ने भी ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, महिलाओं के सशक्तिकरण और किसानों के हितों को प्राथमिकता दी जाएगी। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में पंच ललिता मालेकर, हेमा बाई, तुलसी बाई, खिलेंद्र कुमार, आसिब खान, झमती बाई, महेंद्र कुमार, उषा बाई, परमेश्वर सिंह, अंकुश कुमार, श्याम बाई, सकून बाई,पुनिया बाई उपस्थित रहे।

## तेंदूपत्ता संग्रहण से पहले शाख कर्तन के संबंध में दी विस्तृत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी





वन परिक्षेत्र डोंडी, गुरुर के तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2025 के लिए शाख कर्तन के लिए कार्यशाला का आयोजन 6 मार्च को जनपद पंचायत सभागार डोंडी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक, अध्यक्षता मोहन्तिन चौरका नगर पंचायत अध्यक्ष डोंडी ने की। नवीन तेंदूपत्ता नीति के तहत तेंदूपत्ता शाखकर्तन एवं वनों को अग्नि से सुरक्षा, सीजन-2025 से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बल भद्र सिंह सरोटे वनमंडलाधिकारी बालोद, एमएल डोंगरे उप प्रबंधक संचालक तेंदुपत्ता बालोद, जेएल सिन्हा एसडीओ फारेस्ट बालोद कार्यक्रम में जीवन भांडेकर वन परिक्षेत्र अधिकारी डोंडी ने ब्लॉक के वनों में लगने वाले आग के संबंध में विस्तृत में जानकारी दी गई। उन्होंने स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए वनों में लगने वाली आग को बुझाने हेतु पूरी जिम्मेदारी से कार्रवाई करने के निर्देश दिया। प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग देने एवं स्थानीय स्तर पर सरपंच, पंच एवं अन्य गांव प्रमुखों को जानकारी प्रदाय करते हुए उनका पूरा सहयोग की बात कही।

- जनपद पंचायत सभागार डोंडी में किया गया कार्यशाला का आयोजन

बल भद्र सिंह सरोटे ने कहा कि वनों से प्राप्त होने वाले लघु वनोपज, "नवीन तेंदूपत्ता नीति" के तहत तेंदूपत्ता सीजन 2025 में शाखकर्तन कार्य में सभी समितियों में आपसी निर्णय से एक निर्धारित अवधि का चयन कर अच्छी तरह से बूटा कटाई का कार्य संपन्न कराने हेतु तेंदूपत्ता संग्रहण, उपचारण एवं भण्डारण से संबंधित निर्देश दिए गए। स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों के आय के स्त्रोत में वृद्धि हेतु उन्हें लाख पालन की खेती से जोड़ने हेतु प्रेरित किया।

### तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए बीमा एवं छात्रवृत्ति योजनाओं की दी गई जानकारी

जेएल सिन्हा एसडीओ ने तेंदूपत्ता सीजन 2025 के शाखकर्तन, उपचारण एवं बोराभर्ती के संबंध में जानकारी दी गई। उनके द्वारा तेंदूपत्ता से प्राप्त होने वाली अन्य बीमा एवं छात्रवृत्ति योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मूलचंद शर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी दल्ली राजहरा, हेमलता उईके गुरुर, वनप्रबंधन समिति से लोकनाथ साहू, रामचंद्र कौड़ो, जय पाल नेताम, मणि राम नुरेटी, एवं पोषक अधिकारी, फड़ प्रभारी, फड़ मुंशियों, सरपंच की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## उड़नदस्ता ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरमरा में 12 वीं के अंग्रेजी पेपर के दौरान उड़न दस्ता के रूप में सहायक आयुक्त संजय चंदेल तथा उसकी टीम पहुंचे हुए थे।

इस दौरान किसी प्रकार का कोई प्रकरण नहीं बना। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चे अनुशासित होकर पेपर दे रहे हैं, गुरुवार को एचआर नायक तहसीलदार डौंडी लोहारा, हिमांशु मिश्रा विकासखंड शिक्षा अधिकारी, दिनेश मालेकर बीआरसी डौंडीलोहारा का आगमन 12वीं के इतिहास पेपर व व्यवसायिक अध्ययन पेपर के दौरान उड़ान दस्ता के रूप में हुआ था। उनके द्वारा बच्चों का अचूक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने पाया कि छात्र-छात्राएं शांतिपूर्ण ढंग से अपने प्रश्नों को हल करने में लगे हुए हैं। आपस में चर्चा करते हो उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे बहुत अनुशासित रहते हैं। इस अवसर पर केंद्राध्यक्ष डॉ. बीएल साहसी (व्याख्याता) तथा सहायक केंद्राध्यक्ष वायआर मेरिया (व्याख्याता) और श्री खरे उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी में गर्भवती महिलाओं के लिए हुआ गोदभराई कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में ग्राम अंडा में पोषण चौपाल के तहत गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत गोदभराई के हितग्राही (गर्भवती) मधुरानी निर्मलकर सिन्हा, सीएचओ दामिनी सिन्हा मितानिन तीजन यादव, शिक्षका प्रेमिन चंद्रकार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शकुंन साहू, कुशमा ठाकुर, अन्य हितग्राही देविका, रितु अन्य गर्भवती महिला राजेश्वरी, निर्मलकर उपस्थित हुई। गोदभराई कार्यक्रम में गर्भवती महिला को पोष्टीक सामग्री, चना, मूग, मिक्स दाल, सोया बड़ी, आलू, फूटा चना व गुड़ दिया गया। 'गनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल गर्भवती महिलाओं के लिए उपयोगी है, बल्कि यह उनके स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जागरूकता भी बढ़ाता है। गोद भराई का कार्यक्रम गर्भवती महिलाओं को आवश्यक पोषण और देखभाल प्रदान करने में मदद करता है, जिससे उनके स्वास्थ्य और उनके बच्चे के विकास में सुधार होता है। हितग्राहियों ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र की टीम को इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए बहुत-बहुत बधाई दी। आपके प्रयासों से गर्भवती महिलाओं और उनके बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

## आईटीआई में इंटर्नशिप को लेकर कार्यशाला 10 को

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद और शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डीलोहारा में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप 2.0 अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 10 मार्च को किया गया है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डीलोहारा के प्राचार्य ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा 01 करोड़ युवाओं को देश के 500 शीर्ष कम्पनियों में इंटर्नशीप के अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप 2.0 शुरू की गई है। जिसमें आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के पंजीयन हेतु संस्था में 10 मार्च को कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 21 से 24 वर्ष के आईटीआई उत्तीर्ण सभी व्यवसाय के प्रशिक्षणाथएँ उक्त दिवस को संपूर्ण दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर पंजीयन कर सकते है। उन्होंने प्रशिणार्थियों को दसवीं एवं आईटीआई उत्तीर्ण की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की फोटोकॉपी, आधार कार्ड, एवं राशन कार्ड की छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट फोटो के साथ उपस्थित होने को कहा है।

## छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला बालोद के अध्यक्ष चुने गए डॉ चावड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा बालोद की मासिक बैठक शिकारी पारा भवन में रखी गई। अध्यक्ष डॉक्टर आरएम चावड़ा ने अपने कार्यकाल का विवरण प्रस्तुत कर निर्वाचन की घोषणा की।

- शिकारी पारा भवन में आयोजित बैठक में किया गया नए पदाधिकारियों का चुनाव

संघ के द्वारा दो पर्यवेक्षकों की नियुक्ति हरीश पटेल एवं एनके सुपेत के रूप में की गई। इनके मार्गदर्शन में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष नियमानुसार निर्वाचन किया गया। उसके बाद अध्यक्ष की सहमति से उपाध्यक्ष, सहसचिव, महामंत्री, संगठन मंत्री, कार्यालय प्रभारी एवं मीडिया प्रभारी का सर्वसम्मति से निर्वाचन संपन्न हुआ। वरिष्ठ संरक्षक डब्लूआर. वानखेड़े एवं पर्यवेक्षक द्वय द्वारा निर्वाचित पदाधिकारी की घोषणा की गई। अध्यक्ष डॉक्टर आरएम. चावड़ा, सचिव पुरुषोत्तम देशमुख, कोषाध्यक्ष आईएन. योगी, उपाध्यक्ष बीआर. साहू, सह सचिव जितेंद्र आर्य, महामंत्री बीआर.बेलसर संगठन मंत्री आरके .साहू, कार्यालय प्रभारी बीएस. पद्माकर, मीडिया प्रभारी भूपेंद्र सिंह सोनबोइर निर्वाचित हुए। वरिष्ठ पेंशनर एवं संरक्षक द्वारा नए पदाधिकारियों का स्वागत कर शपथ दिलाई गई।

निर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने उद्बोधन में पेंशनरों की समस्याओं तथा संगठन के हित के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही संगठन की विस्तार के लिए तन मन धन से सहयोग करने का आह्वान भी किया गया।

बैठक में पीएल. देशमुख, अमर सिंह मांडावी, हृदय राम साहू, सोमन लाल साहू, सीआर साहू, सीबी.साहू, पंचम धनकर, मानसिंह मानकर, मनोहर लाल, जितेंद्र आर्य, बीआर बेलसर, ईश्वर नाथ योगी, नारद सिंह, मधु कांत यदु, आरपी वर्मा, सुदामा दास, उम्मेद लाल डोंगरे, कालूराम साहू, डीडी साहू, गोविंदराम साहू, हरिश्चंद्र पटेल, पुष्पा बाई, गंगा बाई साहू, रंभा मांडवी, किरण सिन्हा, गीता हिरवानी, सुरेंद्र ताम्रकार, जेपी सोमेश्वर उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 11,500/
रिजर्वेशन कोच
24 जून से 04 जुलाई 2025, 08 जुलाई से 18 जुलाई 2025, 29 जुलाई से 08 अगस्त 2025 (11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशिः-स्लीपर 11,500/-, 3 एसी 18,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884

By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport